## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 23.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट–यूजी 2024 में कथित अनियमितताओं की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो करेगा।

2- केंद्र सरकार ने एनटीए की परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए इसरो के पूर्व अध्यक्ष के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में, सात सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति गठित की। दो महीने में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश।

3- रेलवे के प्लेटफॉर्म टिकट, वेटिंग रूम, स्टेशनों पर बैटरी से चलने वाली कार और अन्य सेवाओं को जीएसटी से रखा जाएगा मुक्त।

4- भगवान जगन्नाथ महास्नान के बाद 15 दिनों के एकांत वास पर गये, छह जुलाई को लौटेंगे, सात को होगा रथ यात्रा अनुष्ठान।

5- भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच महिला एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मैच आज बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।

*****************

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन टी ए की परीक्षाओं को पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति को एनटीए की परीक्षा प्रक्रिया में सुधार की सिफारिश करने का काम सौंपा गया है। समिति, परीक्षा प्रक्रिया की दक्षता बढ़ाने और अनियमितताओं को रोकने, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एजेंसी की संरचना तथा कार्यप्रणाली की समीक्षा करेगी। समिति मौजूदा प्रक्रिया का मूल्यांकन करेगी और सुधार संबंधी सुझाव देगी, साथ ही एनटीए के भीतर स्पष्ट भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को परिभाषित करेगी। समिति वर्तमान शिकायत निवारण तंत्र का भी आकलन करेगी और आवश्यक सुधारों का प्रस्ताव करेगी। समिति को दो महीने के भीतर रिपोर्ट देने को कहा गया है।

*****************

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट–यूजी 2024 में कथित अनियमितताओं का मामला व्यापक जांच के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दिया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार परीक्षाओं की शुचिता और विद्यार्थियों का हित सुनिश्चित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि कोई व्यक्ति या संगठन इस मामले में लिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। केन्द्र सरकार ने परीक्षाओं में कदाचार रोकने के लिए लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण अधिनियम 2024 लागू किया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन.टी.ए. ने पिछले महीने की पांच तारीख को नीट यूजी परीक्षा संचालित की थी। परिणाम आने के बाद परीक्षा में अनियमितता बरते जाने और जालसाजी के आरोप लगे थे।

*****************

रेलवे के प्लेटफॉर्म टिकट, वेटिंग रूम, स्टेशनों पर बैटरी से चलने वाली कार और अन्य सेवाओं को जीएसटी से मुक्त रखा जाएगा। यह फैसला नई दिल्ली में जीएसटी कांउसिल की कल हुई 53वीं बैठक में लिया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय किया गया कि शिक्षण संस्थानों के बाहर बने छात्रावासों में रहने वाले छात्रों को हर माह बीस हजार रूपये तक की सेवाओं पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। वहीं कारोबारियों को रिर्टन भरने की अवधि से लेकर नोटिस, ब्याज और जुर्माने से राहत संबंधी फैसले भी किये गये।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*****************

सिमडेगा जिला मुख्यालय के बस स्टैंड में यात्रियों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किये जा रहे हैं।

*****************

भगवान जगन्नाथ महास्नान के बाद 15 दिनों के एकांतवास पर चले गये हैं। इसके पूर्व कल भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा को पारंपरिक वाद्ययंत्रों की ध्वनियों और जयघोस के बीच स्नान मंडप पर लाया गया और विधिवत वैदिक मंत्रों के साथ स्नान कराया गया। इसके बाद दोपहर साढ़े तीन बजे के बाद उन्हें एकांतवास में ले जाया गया। अब भगवान जगन्नाथ छह जुलाई को लौटेंगे और इसी दिन नेत्रदान किया जाएगा। रथ यात्रा अनुष्ठान सात जुलाई को होगा। इस दिन शाम चार बजे मंदिर से भगवान और तीनों विग्रहों को रथ पर सवार किया जाएगा। प्रशासन की ओर से जगन्नाथपुर रथ मेले का आयोजन छह से 17 जुलाई तक होगा। इस आयोजन में तीन हजार से अधिक दुकाने लगायी जाएंगी।

*****************

कोडरमा के बागीटांड के पास शांति मोटल रेस्टोरेंट में हुई फायरिंग से दो लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने हमला करने वाले युवकों की कार बिहार झारखंड की सीमावर्ती क्षेत्र दिबोर से बरामद कर लिया है और इस मामले में पुलिस ने 6 युवकों को हिरासत में लिया है, जिनसे लगातार पूछताछ की जा रही है। इधर, इस घटना के विरोध में कल देर रात आकर्षित लोगों ने रांची पटना मुख्य मार्ग एनएच 20 को जाम किया था। इसके कारण तकरीबन 2 घंटे तक एनएच पर परिचालन पूरी तरह से ठप रहा।

*****************

भाजपा के प्रेरणा स्रोत डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के मौके पर आज देशभर में पार्टी की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कड़ी में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची के मोरहाबादी स्थित सिद्दू कान्हू पार्क में 'एक वृक्ष मां के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज पूरे देश में वृक्षारोपण की जा रही है। श्री मरांडी ने कहा कि जिस तरह अभी देश में पर्यावरण के हालात हैं, ऐसे में हर व्यक्ति को वृक्ष जरूर लगाना चाहिए। इसी क्रम में असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व सरमा ने आज रांची के जगन्नाथपुर इलाके में स्थित लीची बगान में पौधारोपण किया। इस मौके पर प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बावरी और हटिया विधायक नवीन जायसवाल समेत पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

*****************

युवा कार्य और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने सभी से एकता और शांति को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाने का आह्वान किया। डॉक्टर मांडविया ने खेल के क्षेत्र में अपने जोश, प्रतिबद्धता और उपलब्धता के लिए सभी एथलिटों की सराहना की। खेल मंत्री ने इस वर्ष के पेरिस ओलिम्पिक की तैयारी में लगे सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं दी। इस वर्ष के अंतराष्ट्रीय ओलिम्पिक दिवस का विषय है–लेट्स मूव एण्ड सेलिब्रेट। इधर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर आज सिमडेगा में भी कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। गोड्डा जिले में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के मौके पर आज स्थानीय गांधी मैदान इंडोर स्टेडियम में चित्रांकन

प्रतियोगिता आयोजन किया गया है। सीनियर और जूनियर वर्ग की इस निःशुल्क प्रतियोगिता में मेजर ध्यानचंद की तस्वीर या किसी भी ओलंपिक पदक विजेता की तस्वीर या पांच रिंग के छल्ले को थीम के रूप में लिया गया है। विजेता चित्रकारों को बाद में पुरस्कृत भी किया जाएगा।

******************

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा ताइक्वांडो खेल प्रतियोगिता कर्जन ग्राउंड हजारीबाग स्टेडियम में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में 50 खिलाड़ी शामिल हुए। मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम ने पंच मार कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

******************

भारत और दक्षिण के बीच महिला एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मैच आज बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। श्रृंखला में भारत दो–शून्ये से आगे है। पहले मैच में भारत ने दखिण अफ्रीका को 143 रन से और दूसरे रोमांचक मैच में चार रन से हराया था। दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम के भारत दौरे में तीन एक–दिवसीय मैचों के अलावा, एक टेस्ट मैच और तीन टी–ट्वेंटी मैच शामिल है

*******समाप्त**********